# एन.वाई.वी.
# चयन
# मार्गनिर्देशिका
# 2024-25

**वर्ष 2024-25 के लिए एनवाईवी के चयन के लिए मार्ग निर्देशिका**

## 1 पृष्ठभूमि

- सक्षम प्राधिकारी द्वारा निर्देश दिया गया है कि असम, उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र राज्य में डिजिटल कृषि मिशन को क्रियान्वित करने के उद्देश्य से वर्ष **2024-25** के लिए एनवाईवी की पूरी चयन प्रक्रिया पारदर्शी और समयबद्ध तरीके से जल्द से जल्द पूरी की जानी चाहिए, **अधिकतम 3 महीने और न्यूनतम 15 दिनों** की अवधि के लिए।
- एनवाईसी की योजना के प्रावधान के मद्देनजर, सक्षम प्राधिकारी द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि एनवाईवी के लिए **मेधावी युवा उम्मीदवारों** को तैनात किया जाए, जिनमें समर्पण की भावना, प्रतिभा, उत्साह हो और सभी आवश्यक शर्तों को पूरा करते हों ।
- यह स्पष्ट किया गया है कि NYV की तैनाती की प्रणाली को सुव्यवस्थित करने के लिए, किसी भी रिक्ति के विरुद्ध तैनात किसी भी स्वयंसेवक को अधिकतम 3 महीने और न्यूनतम 15 दिनों के लिए ही तैनात किया जाना चाहिए। डिजिटल कृषि मिशन के लिए राज्य/जिले की आवश्यकता के अनुसार कार्यकाल मांग के अनुसार होगा।
- यह मुख्य रूप से अत्यधिक मेधावी / प्रतिभाशाली / समर्पित एनवाईवी का चयन करने और संबन्धित राज्य में एक समान तरीके से तैनाती और प्रशिक्षण पूरा करने के कारण है।
- तदनुसार, वर्ष 2024-25 के लिए **असम, उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र राज्यों के लिए प्रत्येक ब्लॉक में 3 एनवाईवी की तैनाती को सुनिश्चित करने और जल्द से जल्द पूरा करने के लिए तैनाती कार्यक्रम तैयार किया गया है।**

इस पृष्ठभूमि के साथ, आवश्यक कार्रवाई के लिए मार्ग निर्दिशिका निम्नानुसार हैं।

## 2. योजना के बारे में

राष्ट्रीय युवा कोर भारत सरकार के युवा मामले एवं खेल मंत्रालय की एक योजना है। एनवाईसी योजना को नेयुकेस द्वारा माइ भारत के तत्वावधान में क्रियान्वित किया जा रहा है।

## 3. योजना का उद्देश्य

एनवाईसी की योजना **18 से 29 वर्ष की आयु** के युवा पुरुषों और महिलाओं को राष्ट्र निर्माण गतिविधियों में दो साल तक सेवा करने के लिए अवसर प्रदान करेगी, जिसके लिए उन्हें **रु.5000 / -** का मासिक मानदेय दिया जाएगा।

**योजना के उद्देश्य निम्नानुसार हैं: -**

ए) राष्ट्र निर्माण के कार्य में जुड़ने के लिए अनुशासित और समर्पित युवाओं का समूह कैसे स्थापित किया जाए।

बी) समावेशी विकास (सामाजिक और आर्थिक दोनों) की प्राप्ति को सुविधाजनक बनाना ।

सी) मॉड्यूलेटर और सहकर्मी समूह के प्रशिक्षक रूप में कार्य करना

डी) युवा नैतिकता के लिए विशेष रूप से सार्वजनिक नैतिकता, परिश्रम और श्रम की गरिमा की दिशा में रोल मॉडल के रूप में कार्य करना।

## 4. एनवाईवी की भूमिका

ए) प्रत्येक चयनित एनवाईवी को **डिजिटल कृषि मिशन** के अंतर्गत कार्य सौंपा जाएगा।

बी) प्रत्येक एनवाईवी को आईटी संबंधी कार्य करना आना आवश्यक है। इसके अलावा एनवाईवी में युवा कार्यक्रम की रिपोर्ट / प्रलेखन तैयार करने और ऑनलाइन अपलोड करने की क्षमता होनी चाहिए।

सी) प्रत्येक एनवाईवी को आईटी संबंधी कार्य करना आना आवश्यक है। इसके अलावा एनवाईवी में युवा कार्यक्रम की रिपोर्ट / प्रलेखन तैयार करने और ऑनलाइन अपलोड करने की क्षमता होनी चाहिए।

डी) एनवाईसी को मीडिया / समाचार विवरण के लिए रिपोर्ट तैयार करने के बारे में भी जानना चाहिए। प्रत्येक एनवाईवी को आवश्यक मोबाइल ऐप्स (उदाहरण के लिए व्हाट्स-अप्प, टिवीटर, इन्स्टाग्रम, फेस्बूक तथा यूट्यूब आदि) का उपयोग करना आना चाहिए।

ई) प्रत्येक एनवाईवी द्वारा अपने ब्लॉक के यूथ प्रोफाइल को तैयार करना होगा । नए युवा मंडलों का गठन, निष्क्रिय युवा मंडलों को सक्रिय करना प्रत्येक स्वयंसेवक का प्रमुख कार्य है।

एफ़) नए युवा मंडलों का गठन, निष्क्रिय युवा मंडलों को सक्रिय करना प्रत्येक स्वयंसेवक का प्रमुख कार्य है।

जी) युवा मंडलों की मदद से नेयुके के नियमित और विशेष कार्यक्रम का आयोजन करना।

एच) सामुदायिक विकास कार्यक्रमों में स्वयं को शामिल करने के लिए युवा मण्डल के सदस्यों का मार्गदर्शन करना और उन्हें प्रेरित करना

आई) युवा मंडलों द्वारा संचालित कार्यक्रमों के रिकॉर्ड का रखरखाव करना ।

जे) नियमित रूप से अपने काम को उजागर करने वाली नियमित रिपोर्ट / ऑनलाइन रिपोर्ट प्रस्तुत करना।

के) ब्लॉक / जिले में विकास विभागों और युवा कार्य एजेंसियों के साथ संपर्क स्थापित करना ।

एल) संबंधित केंद्र में नियमित रूप से बैठकों में भाग लेना।

## 5. स्वयंसेवकों की संख्या और तैनाती

ए) 146 केन्द्रों (असम में 35 केन्द्र, महाराष्ट्र में 36 केन्द्र तथा उत्तर प्रदेश में 75 केन्द्र) में प्रति ब्लॉक तीन स्वयंसेवक तैनात किए जाएंगे। उत्तर प्रदेश में अधिकतम 2478 स्वयंसेवक (826 ब्लॉक*3), महाराष्ट्र में 1164 स्वयंसेवक (388 ब्लॉक*3) तथा असम में 714 स्वयंसेवक (238 ब्लॉक*3) वर्तमान में उन तीन राज्यों में तैनात किए जाएंगे, जहां डिजिटल कृषि मिशन क्रियान्वित किया जा रहा है।

बी) तैनाती अधिकतम 3 महीने तथा न्यूनतम 15 दिन की अवधि के लिए ही होगी। डिजिटल कृषि मिशन के लिए राज्य/जिले की आवश्यकता के अनुसार कार्यकाल मांग आधारित होगा। यह स्पष्ट किया जाता है कि यदि प्रतीक्षा सूची में से किसी अभ्यार्थी अभ्यर्थी को बीच में तैनात किया जाता है, तो ऐसी तैनाती केवल उस वित्तीय वर्ष की शेष अवधि के लिए होगी, जिसके कारण पद रिक्त हुआ था।

सी) तैनाती विशुद्ध रूप से स्वैच्छिक आधार पर है और इसलिए नियमित रूप से नियुक्ति के लिए चयनित स्वयंसेवकों का कोई दावा नहीं होगा। **यह केवल इंटर्नशिप प्रशिक्षण की तरह है।**

## 6. मासिक मानदेय

ए) प्रत्येक स्वयंसेवक को सफलता पूर्वक मासिक लक्ष्य प्राप्त करने, ऑनलाइन रिपोर्टिंग / प्रतिक्रिया और ऑनलाइन उपस्थिति की प्राप्ति के बाद **रुपये 5000 / -** मासिक मानदेय का भुगतान किया जाएगा।

बी) **प्रत्येक स्वयंसेवक का मासिक मानदेय संबंधित स्वयंसेवक के बैंक खाते (बचत खाता उसके आधार नंबर से जुड़ा हुआ में केवल ई-बैंकिंग / पीएफएमएस / डीबीटी/सी एन ए) द्वारा जमा किया जाएगा।**

सी) स्वयंसेवकों के मासिक मानदेय की गणना उन दिनों की संख्या के आधार पर कड़ाई से की जाएगी, जो वास्तव में उन्होंने (छुट्टियों को छोड़कर) काम किए हैं और जिसके लिए उस महीने के अंतिम कार्य दिवस से पहले संबंधित जिला युवा अधिकारी द्वारा ऑनलाइन उपस्थिति को चिह्नित किया गया होगा।

डी) भारत सरकार के दिशानिर्देशों के अनुसार प्रत्येक स्वयंसेवक को **डीबीटी (प्रत्यक्ष लाभार्थी हस्तांतरण प्रणाली)** पीएफएमएस के कार्यान्वयन को सक्षम करने के लिए अपने बैंक खाते को **आधार संख्या** से जोड़ना आवश्यक है।

ई) यदि कोई स्वयंसेवक अपने काम से अनुपस्थित रहता है, तो **मासिक मानदेय बिना किसी सूचना के आनुपातिक रूप से कम कर दिया जाएगा**, जैसा कि केंद्रों द्वारा प्रस्तुत ऑनलाइन उपस्थिति के अनुसार होता है।

## 7. पात्रता मानदंड

ए) शैक्षिक योग्यता: - न्यूनतम शिक्षा कम से कम स्नातक की शिक्षा प्राप्त कर रहे हों या स्नातक या स्नातकोत्तर

बी) आयु: - **01 जनवरी 2025** को न्यूनतम **18 वर्ष और 29 वर्ष से कम**।

सी) चयन में वरीयता निम्नलिखित को दी जा सकती है: -

डी) उम्मीदवार जिनके पास उच्च शैक्षणिक योग्यता, योग्यता और कंप्यूटर अनुप्रयोग का बुनियादी ज्ञान है।

ई) अधिमानतः, स्मार्ट मोबाइल फोन रखने वाले अभ्यर्थी और सोशल मीडिया से संबंधित अलग-अलग ऐप जैसे ट्वीटर ,फ़ेस बुक ,इन्स्टाग्राम और यूट्यूब आदि के संचालन का बुनियादी ज्ञान हो।

एफ) नेयुकेस के संबद्ध युवा मंडलों के सदस्य।

जी) **एससी / एसटी समुदाय** जैसे कमजोर वर्गों की भागीदारी को प्रोत्साहित किया जाएगा और **50:50 लिंग अनुपात** को संभव हद तक बनाए रखा जाना चाहिए।

## 8. आवेदन आमंत्रित करना और प्रचार करना

ए) संबंधित नेयुके के जिला युवा अधिकारी स्थानीय दैनिक समाचार पत्रों (स्थानीय भाषा में) जिसका अधिकतम परिचालन हो, व्यापक प्रचार हेतु विज्ञापन जारी करेगे। आवेदन ऑनलाइन या ऑफलाइन माध्यम से आमंत्रित किए जा सकते हैं।

बी) **ऑफलाइन प्राप्त आवेदन के मामले में, संबंधित नेयुके केंद्र स्तर पर ऑनलाइन आवेदन अपलोड करेगा।**

सी) जिला युवा अधिकारी युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय/नेयुके द्वारा अनुमोदित मानक विज्ञापन प्रतिलिपि का उपयोग करेगे जिसमें सभी आवश्यक पात्रता शर्तें शामिल हैं। **(अनुमोदित विज्ञापन की नमूना प्रति परिशिष्ट -ए पर रखी गई है)**। जिला युवा अधिकारी अधिक से अधिक पात्र आवेदन प्राप्त करने के लिए यह सुनिश्चित करेंगे कि विज्ञापन प्रतियां / परिपत्र सभी सक्रिय युवा मंडलों, युवा कार्य संगठन, विकास विभागों के प्रमुखों, सभी एनसीसी, एनएसएस, स्काउट्स एंड

गाइड्स, इको क्लबों और जिला रेड क्रॉस सोसाइटी के अधिकारियों, प्रशिक्षण संस्थान के प्रमुखों और जिला / ब्लॉक पुस्तकालय और ब्लॉक / ग्राम पंचायत के प्रमुख को भेजे जाएं।

## 9. चयन समिति

निम्नलिखित संरचना के साथ एक चयन समिति की स्वीकृति दी जाती है: -

| | | |
|---|---|---|
| क) | जिला कलेक्टर / जिला मजिस्ट्रेट (डीएम/डीसी) और उनके प्रतिनिधि | अध्यक्ष |
| ख) | जिला युवा अधिकारी , ने.यु.के.सं. | सदस्य सचिव |
| ग) | आरडी एनएसएस द्वारा नामित कॉलेज का एक प्रिंसिपल | सदस्य |
| घ) | एनएसएस के दो कार्यक्रम अधिकारी | सदस्य |

## 10. उत्तरदायित्व:

क) राज्य निदेशक और संबंधित जिला युवा अधिकारी एनवाईवी के सही प्रकार से चयन, निर्धारित समय अवधि के दौरान एनवाईवी प्रशिक्षण को सही ढंग से आयोजित करने के लिए मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान और संदर्भ व्यक्तियों की पहचान के लिए जिम्मेदार होंगे |

ख) संबंधित जिला युवा अधिकारी चयन समिति के समक्ष सभी अपेक्षित सत्यापित दस्तावेजोंको प्रस्तुत करने जैसे योग्यता सूची, आवेदन पत्र, प्रमाण पत्र / अनुभव की पुष्टि के लिए जिम्मेदार होंगे।

ग) चयन समिति स्वयंसेवकों के योग्यता आधारित चयन के लिए जिम्मेदार होगी। यदि समिति योग्यता को अनदेखा करने का निर्णय लेती है, तो बाद के विवादों से बचने के लिए इन कारणों को दर्ज किया जाए।

घ) राज्य निदेशक चयन रिकॉर्ड और प्रक्रिया के सही होने की पुष्टि के लिए जिम्मेदार होंगे और इस चयन प्रक्रिया की संकलित रिपोर्ट 10 दिनों के भीतर मुख्यालय को प्रस्तुत करेंगे।

## 11. एनवाईवी के चयन हेतु समय सारणी :

| क्र.सं. | गतिविधि | समय सारणी |
|---|---|---|
| ए | नया विज्ञापन जारी करना | 30 जनवरी 2025 |
| बी | आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि | 8 फरवरी 2025 |
| सी | आवेदनों की छंटाई / स्क्रीनिंग तथा साक्षात्कार की तिथि निर्धारित करने के लिए डीएम/डीसी को फाइल प्रस्तुत करना | 10 फरवरी 2025 |
| डी | साक्षात्कार के लिए चयन समिति के बैठक की तारीख संबंधित डीएम / डीसी की उपलब्धता के आधार पर निर्धारित की जाएगी | 11 फरवरी 2025 से 15 फरवरी 2025 |

| | | |
|---|---|---|
| ई | परिणाम की घोषणा तथा नियुक्ति पत्र जारी करना | 16 फरवरी 2025 तक |
| एफ | नव तैनात स्वयंसेवकों की योगदान आख्या की तिथि और ऑनलाइन पंजीकरण | 18 फरवरी 2025 से |

## 12. चयन से पहले विचार एवं प्रारंभिक कार्य हेतु मुख्य बिंदु

एनवाईवी के चयन के दौरान जिला युवा अधिकारियों के द्वारा ध्यान रखने अवलोकन हेतु कुछ मुख्य बिंदु निम्नानुसार हैं।

ए) सबसे पहले, एनवाईवी को एक सहकर्मी नेता के रूप में कार्य करने की आवश्यकता है। दूसरे, वे अधिक निकट स्थित हैं और अपने गाँव / इलाके में युवाओं को पूरी तरह से संवाद करने और प्रेरित करने में सक्षम हों और वांछित संख्या में युवाओं को जुटाने में सक्षम होने चाहिए।

बी) एनवाईवी में आवश्यक क्षमता, दृष्टिकोण और योग्यता अपेक्षित परिणामों के प्रस्तुतिकरण के उच्चतम मानकों के अनुपात में होना चाहिए।

सी) इस प्रक्रिया में, एनवाईवी से नेतृत्व और संचार कौशल, मूल्य अभिविन्यास और देशभक्ति के प्रचार और प्रसार की उम्मीद की जाएगी है ।

डी) इसलिए यह आवश्यक होगा कि रिकॉर्ड में प्रदर्शन की क्षमता वाले शिक्षित स्व-प्रेरित और सामाजिक रूप से नेटवर्क वाले युवाओं का चयन किया जाए।

ई) एनवाईवी के रूप में सर्वश्रेष्ठ युवाओं का चयन किया जाना अनिवार्य है यह सुनिश्चित करने के लिए कि, चयन प्रणाली पारदर्शी और योग्यता आधारित होनी चाहिए।

## 13. प्रतीक्षा सूची तैयार करना

यह बहुत महत्वपूर्ण है कि योग्यता के अनुसार, किसी भी मध्यावधि रिक्ति / ड्रॉपआउट के होने पर उम्मीदवारों को तैनात करने के लिए चयन समिति द्वारा ब्लॉक वार पर्याप्त संख्या में प्रतीक्षा सूची को अनुमोदित किया जाना चाहिए।

## 14. जिला युवा अधिकारी को चयन प्रक्रिया शुरू होने से पहले निम्नलिखित सुनिश्चित करना चाहिए:

ए) स्थानीय प्रमुख समाचार पत्र में विज्ञापन जारी करना (स्थानीय भाषा में), जैसा कि विज्ञापन के लिए मुख्यालय द्वारा अनुमोदित किया गया है। स्थानीय प्रमुख समाचार पत्रों में विज्ञापन जारी करने के लिए प्रत्येक जिला/केंद्र के लिए अनुमोदित में से **रु 5000 / -** का उपयोग किया जा सकता है।

बी) एनवाईवी चयन के संबंध में सभी स्थानीय प्रमुख दैनिक / साप्ताहिक समाचार पत्रों / पत्रिकाओं में समाचार जारी किए जा सकते हैं।

सी) सभी सक्रिय युवा मंडलों, युवा कार्य संगठन, विकास विभागों के प्रमुखों, सभी एनसीसी, एनएसएस, स्काउट्स एंड गाइड्स, इको क्लबों और जिला रेड क्रॉस सोसाइटी के अधिकारियों, सक्रिय युवा मंडल, महिला मंडल, और जिला / ब्लॉक पुस्तकालय और ब्लॉक / ग्राम पंचायत के प्रमुख को परिपत्र भेजे जाएं।

डी) संबंधित जिला युवा अधिकारी एनवाईवी के चयन का मामला डीएम,जो चयन समिति के अध्यक्ष को पर्याप्त समय पूर्व प्रस्तुत करेंगे और साक्षात्कार के लिए एक तारीख सुनिश्चित कराएंगे (मुख्यालय के दिशानिर्देशों के अनुसार)

ई) एक बार साक्षात्कार की तारीख की पुष्टि हो जाने के बाद, जिला युवा अधिकारी सभी संबंधित उम्मीदवारों को पंजीकृत डाक द्वारा साक्षात्कार कॉल पत्र जारी करेंगे और ईमेल भी करेंगे। इसके अलावा सभी उम्मीदवारों को फोन पर भी सूचित किया जाएगा।

एफ) विज्ञापनों पर व्यय के अतिरिक्त, साक्षात्कार व्यय को पूरा करने के लिए प्रति जिला **रु 10,000/-** की राशि प्रदान किया जा रही है।

## 15. ऑनलाइन / ऑफलाइन आवेदन प्रस्तुत करना: -

ए) उम्मीदवारों द्वारा आवेदन पत्र ऑनलाइन जमा करने के लिए एक सॉफ्टवेयर एप्लीकेशन विकसित किया गया है। ऑनलाइन आवेदन फॉर्म नेयुकेस की **वेबसाइट nyks.nic.in** पर उपलब्ध है |

बी) जिला युवा अधिकारी जिले विशेष के लिए प्राप्त ऑनलाइन आवेदन के लिए डाउनलोड कर प्रिंट आऊट ले सकते हैं। जिला युवा अधिकारियों को पूर्ण पारदर्शिता सुनिश्चित करने और किसी भी बदलाव के लिए कोई स्थान नहीं होने के लिए मानदंड केअनुसार आवेदन के विवरणो की जांच करेंगे ।

**सी) राज्य निदेशकों को यह निर्देश दिया जाता है कि वे 100% अनुपालन, निगरानी, रिपोर्टिंग सुनिश्चित करने के लिए जिम्मेदार हैं।**

## 16. एनवाईवी की तैनाती के लिए संशोधित चयन प्रक्रिया शुरू करने से पहले निम्नलिखित पहलुओं पर भी विचार करने की आवश्यकता है।

**ए)** स्थानीय प्रमुख समाचार पत्र (स्थानीय भाषा में) का विज्ञापन संबंधित जिला अधिकारी द्वारा जारी किया जाना है। विज्ञापन का निर्धारित प्रारूप **अनुबंध ए** में दिया गया है।

**बी) संबंधित जिला युवा अधिकारी सभी समाचार पत्रों के लिए समाचार विवरण भी जारी करेंगे और एनसीसी, एनएसएस, स्काउट्स एंड गाइड्स, रेड क्रॉस, इको क्लब, सरकार की सभी इकाइयों पुस्तकालय, ग्राम / ब्लॉक / जिला पंचायत, युवा मंडल और महिला मंडल, जिला खेल अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी, जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी, सीडीपीओ, जिला आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ, कॉलेज प्राचार्यों आदि को व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु परिपत्र जारी करेंगे।**

**सी) जो स्वयंसेवक पहले एनवाईवी के रूप में काम कर चुके हैं और अपना कार्यकाल पूरा होने से पहले ही बीच में छोड़ चुके हैं या पहले ही अपना कार्यकाल पूरा कर चुके हैं, वे एनवाईवी के लिए फिर से चयन के पात्र नहीं हैं।**

**डी) जिला युवा अधिकारी एनवाईवी वेब एप्लिकेशन से मेरिट आधारित सूची डाउनलोड करेंगे और मेरिट आधारित चयन के लिए इसे चयन समिति को भेजेंगे। यदि समिति अलग निर्णय लेती है, तो बाद के विवाद से बचने के लिए इसे दर्ज/नोट किया जा सकता है।**

## 17. एनवाईवी के चयन के लिए मानदंड ।

- उम्मीदवार को एनवाईवी के रूप में काम करने के लिए मूल रूप से रुचि होनी चाहिए।
- उसके पास एनवाईसी कायों में भाग लेने के लिए पर्याप्त समय होना चाहिए।
- इसके अलावा, नेतृत्व क्षमता, संगठनात्मक कौशल, प्रेरक क्षमता, युवा समूह की गतिशीलता को समझने की क्षमता, खेल और सांस्कृतिक प्रतिभाएं, और सामाजिक कार्य में अनुभव आदि को एक उम्मीदवार का चयन करते समय विचार किया जाना चाहिए।

## 18. चयन समिति की कार्यवाही

- जिला युवा अधिकारी चयन समिति की कार्यवाही तैयार करेंगे और डीएम / डीसी द्वारा इस पर स्वीकृति प्राप्त करेंगे।
- चयन सूची पर डीएम/डीसी या उनके प्रतिनिधि, एनएसएस के दोनों कार्यक्रम अधिकारी, आरडी, एनएसएस और डीवाईओ द्वारा नामित कॉलेज के प्राचार्य द्वारा हस्ताक्षर किए जाएंगे।
- प्रतीक्षा सूची सहित मेरिट सूची भी प्रक्रिया के अनुसार तैयार की जाएगी और नेयुके के नोटिस बोर्ड पर प्रदर्शित की जाएगी।

## 19. स्वयंसेवकों की तैनाती / नियुक्ति पत्र और स्वीकृति पत्र

- **प्रत्येक ब्लॉक में 3 स्वयंसेवक होंगे। स्वयंसेवकों को विशेष ब्लॉक से संबंधित होना चाहिए जिसमें वे तैनात हैं।**
- **आवासीय पते की पुष्टि हेतु प्रमाण पत्र /सत्यापन हेतु आधार कार्ड लिया जाना चाहिए।**
- कमजोर वर्ग, महिलाओं को अधिकतम संभव सीमा तक वरीयता दी जाए।
- जिला युवा अधिकारी तैनाती पत्र जारी करने और स्वीकृति पत्र लेने के लिए मुख्यालय द्वारा स्वीकृति पत्र का प्रयोग करेंगे **(स्वीकृत तैनाती पत्र और स्वीकृति पत्र की प्रतियां क्रमशः परिशिष्ट-बी और सी में दी गई हैं)**
- संबंधित राज्य निदेशकों और जिला युवा अधिकारियों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि नव तैनात स्वयंसेवकों के लिए तैनाती **अधिकतम 3 महीने और न्यूनतम 15 दिनों की अवधि तक ही की जाए।**

## 20. बैंक खाता खोलना और स्वयंसेवकों का ऑनलाइन पंजीकरण

स्वयंसेवक द्वारा ज्वाइन करने के पश्चात, प्रत्येक स्वयंसेवक को किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक में अपना बैंक खाता खोलना होगा। निजी बैंकों, ग्रामीण बैंकों और सहकारी बैंकों में खातों पर विचार नहीं किया जाएगा (डीबीटी / पीएफएमएस के माध्यम से मानदेय के भुगतान को सक्षम करने के लिए किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक में चयनित स्वयं सेवक  के नाम से नियमित बचत खाते खोले जाने चाहिए)। इसके बाद, प्रत्येक स्वयंसेवक को समय-सीमा के भीतर अनिवार्य रूप से एनवाईसी वेबसाइट पर ऑनलाइन पंजीकृत किया जाना चाहिए। ऑनलाइन पंजीकरण से पहले नेयुके कार्यालय में स्वयंसेवक के बचत खाते की पासबुक और पते की प्रति का अपेक्षित प्रमाण मूल दस्तावेजों के रूप में रखा जाना चाहिए।

**सभी एनवाईवी को अपने बैंक खातों को अपने आधार नंबर से जोड़ना अनिवार्य है। यह साक्षात्कार से पहले सभी उम्मीदवारों को समझाया जाना चाहिये।**

## 21. बजट

विज्ञापन जारी करने और संगठनात्मक व्यय अर्थात् चयन समिति की बैठक आदि को पूरा करने के लिए **रु 15000 / -** प्रति जिले का आवंटन किया गया है।

## 22. जिला युवा अधिकारी की भूमिका

संबंधित जिला युवा अधिकारी **चयन समिति के सदस्य सचिव** होने के नाते, पूरी चयन प्रक्रिया में पूर्ण पारदर्शिता और निष्पक्षता बनाए रखने के लिए जिम्मेदार है।

जिला युवा अधिकारी नियमित आधार पर चयन के लिए किए गए कार्यों के बारे में राज्य निदेशक को अवगत कराते रहेंगे।

*****

**अनुबंध -1**

भारत सरकार
राष्ट्रीय युवा कोर
आवेदन प्रपत्र

**आवेदक का आधार नंबर**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **1** | पूरा नाम (स्पष्ट अक्षरों में) | प्रथम | मध्य | अंतिम |
| **2** | लिंग | परुष ☐ | महिला ☐ | निशान लगाएं |
| **3** | जन्म तिथि | तिथि ☐☐ | माह ☐☐ | वर्ष ☐☐☐☐ |
| | जन्म स्थान | गांव/नगर/शहर................................<br>जिला.....................................................<br>राज्य/संघक्षेत्र................................................ | | |
| **4** | **1** जनवरी **2025** को आयु<br>**(01-01-2025** को न्यूनतम योग्यता आयु **18** वर्ष एवं अधिकतम **29** वर्ष) | वर्ष माह ☐☐ ☐☐ | | |
| **5** | पिता का नाम | प्रथम | अंतिम | |
| | | प्रथम | अंतिम | |
| **6** | माता का नाम | | | |
| **7** | श्रेणी | सा ☐ अ जा ☐ अजाजा ☐ अपीजा ☐<br>कृपया बॉक्स में निशान लगाए, | | |
| **8** | शैक्षिक योग्यता<br>न्यूनतम स्नातक कर रहे | स्नातक कर रहे हों ☐<br>स्नातक ☐<br>स्नातकोत्तर ☐<br>अन्य (प्रमाण पत्र एवं डिप्लोमा) ☐ | | |
| | सर्वोच्च परीक्षा उत्तीर्ण करने का वर्ष | ☐☐☐☐ | | |
| | संस्थान/विद्यालय/कालेज का नाम | | | |
| | व्यावसायिक, तकनीकी एवं अन्य योग्यतायें (डिप्लोमा/प्रमाणपत्र इत्यादि) यदि कोइ्र हो, विवरण दें | | | |
| **9** | आवेदक की वर्तमान स्थिति छात्र/सेवारत, बेरोजगार, स्वरोजगार, अन्य-विवरण दें | | | |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| **10** | ज्ञात भाषायें | भाषा का नाम | बोलना | पढ़ना | लिखना |
| | | | | | |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **11** | स्थायी पता | | | |
| | मकान संख्या | | गांव/नगर/शहर | |
| | राज्य | | पिन कोड | |
| | डाकघर/पुलिस स्टेशन | | ब्लॉक एवं जिला | |
| | एसटीडी कोड सहित फोन नंबर संपर्क का नंबर | | संपर्क नम्बर | |
| **12** | वर्तमान पता | | | |
| | मकान संख्या | | गांव/नगर/शहर | |
| | डाक घर | | प्रखंड एवं जिला | |
| | राज्य | | पिन कोड | |
| | ईमेल एवं एसटीडी कोड सहित फोन नंबर | | ईमेल/मोबाइल नंबर | |

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **13** | क्या आपने नेयुकेंसं, एनएसएस, एनसीसी, भारत स्काउट एंड गाइड, स्कूल, कॉलेज, अन्य के कार्यक्रमों में भाग लिया है? केवल निशान लगाएं | | नेयुकेसं | एन सीसी | बीएस एंडजी | एनएसएस | | अन्य |
| | | | | | | स्कूल | कॉलेज | |
| | | | | | | | | |
| | स्वयंसेवक के रूप में प्राप्त अनुभव (संगठन के आधार पर) | वर्ष | ☐☐ | ☐☐ | ☐☐ | ☐☐ | ☐☐ | ☐☐ |
| | | माह | ☐☐ | ☐☐ | ☐☐ | ☐☐ | ☐☐ | ☐☐ |

| | | |
|---|---|---|
| **14** | क्या आप नेहरू युवा केन्द्र के साथ सम्बद्ध गांव स्तरीय युवा मंडल के सक्रिय सदस्य हैं | हाँनहीं ☐ ☐ |
| | 1) यदि हां तो युवा मंडल का नाम एवं पता | |
| | 2) युवा मंडल में पद | पदाधिकारी / सदस्य ☐ ☐ |
| | 3) मंडल के साथ जुड़े रहने की अवधि | वर्ष माह ☐ ☐ ☐☐ |

| | | | |
|---|---|---|---|
| **15** | आवेदक के क्षेत्र के दो जिम्मेदार व्यक्तियों का नाम एवं पता जोकि यह साक्षी दे सकें कि वे आवेदक को पिछले **3** साल से जानते हैं | **1.** | फोन नं. |
| | | **2.** | फोन नं. |

घोषणा

एतद्द्वारा मैं घोषणा करता/करती हूं कि इस आवेदन/पंजीयन पत्र में दिए गए विवरण मेरे ज्ञान एवं विश्वास के अनुसार सत्य, पूर्ण एवं सही हैं। मैं न तो किसी अदालत में एवं किसी आपराधिक कार्यवाही में भारत में किसी भी स्थान के किसी भी अदालत द्वारा दोषी ठहराया गया/गई हूं। मैं अच्छी तरह से जानता/जानती हूं कि स्वयं सेवक के रूप में काम करना पूर्ण कालिक कार्य है और मुझे अपने नियोक्ता एजेंसी द्वारा किसी भी प्रकार का कार्य सौंपा जा सकता है।
मैं प्रस्तुत जानकारी के लिए पूरी तरह से जिम्मेवार हूं।

तिथिः

स्थानः (आवेदक के हस्ताक्षर)

आवेदक का नाम________________

1. संलग्न किए जाने वाले दस्तावेज (स्वयं सत्यापित)
2. जन्म प्रमाणपत्र की प्रति
3. अनु जाति/अनु जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग के प्रमाणपत्र की प्रति
4. सर्वोच्च शैक्षिक योग्यता प्रमाणपत्र की प्रति।
5. पते के प्रमाण की प्रति (आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस/पासपोर्ट/राशन कार्ड)

**अनुबंध ए**

**जिला युवा अधिकारी, नेहरू युवा केन्द्र द्वारा प्रसारित/प्रदर्शित/परिचालन हेतु विज्ञापन का नमूना**

भारत सरकार
युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय
युवा कार्यक्रम विभाग

**राष्ट्रीय युवा कोर**

**राष्ट्रीय स्वयंसेवक के लिए आमंत्रण**

भारत सरकार के डिजिटल कृषि मिशन को क्रियान्वित करने तथा उन्हें स्वयंसेवी समूहों में संगठित करके राष्ट्र निर्माण गतिविधियों के लिए उनकी ऊर्जा एवं सामर्थ्य को सुदृढ़ करने में सहयोग करने हेतु युवाओं की सहभागिता करना चाहती है। आपको स्वास्थ्य, शिक्षा, सफाई, लिंग भेद, अन्य सामाजिक विषयों पर आधारित अभियानों/जागरूकता कार्यक्रमों में प्रमुख भूमिका निभाने के लिए और विविध कार्यक्रमों के कार्यान्वयन अथवा आपातकाल में आवश्यकता पड़ने पर प्रशासन में सहयोग करने के लिए कहा जा सकता है।

**योग्यताः**

i. शिक्षा: न्यूनतम शिक्षा कम से कम स्नातक की शिक्षा प्राप्त कर रहे हों या स्नातक या स्नातकोत्तर
ii. आयु - दिनांक **01 जनवरी 2025** को **18 वर्ष और 29 वर्ष से कम**

**मानदेय :**

रु. 5000/- प्रतिमाह की दर से मानदेय दिया जाएगा।

**अवधि :**

**अधिकतम तीन माह तथा न्यूनतम 15 दिन के लिए।** यह न तो कोई वेतनभोगी रोजगार है और न ही इससे स्वयंसेवक विधिक रूप से सरकार से किसी प्रकार के रोजगार का दावा करने का अधिकारी नहीं होगा।

**आवेदन कैसे करें :**

विभाग की वेबसाइट देखें : **nyks.nic.in** पर योजना का विवरण, आवेदन प्रपत्र दिया गया है तथा अधोलिखित अधिकारी के पास ................ तिथि तक आवेदन करें।

कार्यालय: जिला युवा अधिकारी,
नेहरू युवा केन्द्र संगठन
जिलाः........................................
डाक का पताः........................................

जिला युवा अधिकारी
नेहरू युवा केन्द्र
(पूर्ण पता मोबाइल नंबर, फ़ोन नंबर एवं ईमेल सहित)

**अनुलग्नक बी**

# <u>तैनाती पत्र मसौदा</u>

सेवा में,

.........................................

.........................................

**विषय:- राष्ट्रीय युवा कोर (एनवाईसी) के तहत स्वयं सेवक के रूप में तैनाती के लिए प्रस्ताव-के संबंध में।**

श्रीमान जी,

इस उद्देश्य के लिए बनाई गई चयन समिति की अनुशंसा के आधार पर आपको यह सूचित किया जाता है कि राष्ट्रीय युवा कोर (एनवाईसी) के तहत स्वयंसेवक के रूप में तैनाती के लिए आपका चयन कर लिया गया है। आपकी तैनाती के लिए नियम एवं शर्तें निम्नवत हैं:-

1. आपकी तैनाती पूरी तरह से स्वयंसेवक के रूप में है जिसकी अवधि **(प्रारंभ में अधिकतम 3 महीने और न्यूनतम 15 दिन के लिए)।** स्वयंसेवकों को सक्षम प्राधिकारी द्वारा सौंपे गए दायित्वों का निर्वहन करना होगा।
2. तैनाती की अवधि में रु.**5000/- प्रति माह** (सभी कुछ मिलाकर) का मानदेय प्रदान किया जाएगा। किसी प्रकार का कोई भी अन्य भत्ता देय नहीं होगा।
3. स्वयं सेवक को समय-समय पर संशोधन के अनुसार, प्रति माह **1 दिन** का अवकाश प्रदान किया जाएगा।
4. तैनाती के तहत जिले के किसी भी भाग में सेवा करने का दायित्व दिया जा सकता है।
5. स्वयंसेवक पदभार ग्रहण करने के लिए यात्रा भत्ता के हकदार नहीं होंगें ।
6. सेवा की अन्य शर्तें राष्ट्रीय युवा कोर (एनवाईसी) की योजना मार्गदर्शिका एवं समय-समय पर निर्गत आदेशों द्वारा संचालित होंगी।
7. तैनाती पूर्णकालिक होगी और स्वयंसेवक इस अवधि में कोई अन्य कार्य नहीं कर सकते ।
8. यदि स्वयंसेवक का कार्य संतोषप्रद नहीं पाया जाता है तो उनकी तैनाती किसी भी समय **एक सप्ताह की सूचना** देकर समाप्त की जा सकती है।
9. तैनाती स्वयंसेवक द्वारा भी **एक सप्ताह की सूचना** देकर तैनाती को समाप्त कर सकती है।
10. स्वयंसेवक को नियोक्ता एजेंसी/विभाग के तहत किसी भी पद पर नियमित तैनाती का अधिकार या दावा नहीं होगा।
11. स्वयं सेवक को पदभार ग्रहण करने के समय किसी अधिकृत मेडिकल अटेंडेंट (एएमए) से चिकित्सीय रूप से स्वस्थ होने का प्रमाणपत्र लाना होगा। तैनाती की निरंतरता शारीरिक रूप से स्वस्थता पर आधारित होगी। चिकित्सीय रूप से स्वस्थ न पाये जाने पर उन्हे दिए गए दायित्व से मुक्त कर दिया जाएगा।
12. यदि उपरोक्त नियम एवं शर्तें स्वीकार हैं तो आपको संलग्न प्रपत्र में एक घोषणा करनी होगी और अधोहस्ताक्षरी के पास इस पत्र की प्राप्ति के 7 दिन के भीतर रिपोर्ट करना होगा ।

जिला युवा अधिकारी
नेहरू युवा केन्द्र

**अनुलग्नक – सी**

## <u>स्वीकृति पत्र का नमूना</u>

सेवा में,
जिला युवा अधिकारी
जिला____________________________
डाक का पता______________________________

**विषय: राष्ट्रीय युवा कोर (एनवाईसी) के तहत स्वयंसेवक के रूप में तैनाती हेतु स्वीकृति पत्र।**

1. मैं प्रमाणित करता/करती हूं कि मैंने राष्ट्रीय युवा कोर (एनवाईसी) के रूप में तैनाती के लिए प्रस्ताव पत्र में दिए गए नियम एवं शर्तों को सावधानीपूर्वक पढ़ और समझ लिया है।
2. मैं समझता हूं और पूरी तरह से अवगत हूं कि राष्ट्रीय युवा कोर योजना के तहत स्वयंसेवक के रूप में मेरा कार्यकाल पूरा होने के बाद, मुझे तैनाती एजेंसी/विभाग में रोजगार के लिए कोई अधिकार या दावा नहीं होगा क्योंकि यह केवल इंटर्नशिप प्रशिक्षण की तरह है।
3. मैं योजना के तहत तैनाती के लिए दिए गए नियम एवं शर्तों को समझता/समझती हूं और उसे आबद्ध रहने लिए सहमत हूं।
4. मैं स्वयंसेवक के रूप में अपनी नियुक्ति की पदावधि में नियोक्ता एजेंसी/विभाग के नियम एवं शर्तों का पालन करने के लिए वचनबद्ध हूं।
5. मैं समझ गया/गई हूं कि किसी भी नियम एवं शर्त का उल्लंघन करने से मेरी तैनाती एक माह की सूचना देकर समाप्त की जा सकती है तथा इस संबंध में नियोक्ता एजेंसी/विभाग का निर्णय अंतिम और मेरे लिए बाध्यकारी होगा।
6. मैं प्रमाणित करता/करती हूं कि मैं राष्ट्रीय सेवा कर्मी योजना (एनएसवी) एवं राष्ट्रीय सदभावना योजना (आरएसवाई) के तहत स्वयंसेवक के रूप में पंजीकृत नहीं रहा/रही हूं।
7. मैं वर्तमान में किसी नियमित शैक्षणिक पाठ्यक्रम के लिए नामांकित नहीं हूं और न ही अपनी तैनाती की अवधि में नामांकित होने का इरादा रखता/रखती हूं।
8. मैं प्रमाणित करता/करती हूं कि मैं किसी अपराध के लिए न तो कभी गिरफ्तार हुआ/हुई हूं, न दण्डित हुआ/हुई हूँ, न हिरासत में रहा/रही हूं और न ही किसी अदालत से दोषी ठहराया गया हूं। इसके अलावा किसी भी अदालत में मेरे विरुद्ध कोई आपराधिक मामला नहीं चल रहा/रहीं है।
9. एतद्द्वारा मैं घोषित करता/करती हूं कि मेरे आवेदन में दिए गए विवरण मेरी जानकारी और विश्वास के अनुसार सत्य, पूर्ण और ठीक हैं। यदि मेरे द्वारा दी गई सूचना गलत अथवा झूठी पायी जाती है तो बिना कोई कारण बताए स्वयं सेवक के रूप में मेरा नामांकन समाप्त किया जा सकता है।

(आवेदक के हस्ताक्षर)

आवेदक का नाम

दिनांकः
स्थानः